The International Area Studies Library
Translations on “Using the University of Illinois Library”

Hindi

पुस्तकालय का प्रयोग

अरबाना शैंपेन स्थित इलिनाय विश्वविद्यालय की पुस्तकालय देश की बड़ी सरकारी पुस्तकालयों मे से एक है | यह पुस्तकालय विश्वविद्यालय के छात्रों एवम् अध्यापकों की पाठयक्रम एवम अनुसंधान संबंधित ज़रूरतों को पूरा करती है | यह देश की दूसरी सबसे बड़ी शैक्षिक एवम् चौथी सबसे बड़ी पुस्तकालय है | इस पुस्तकालय मे करीब एक सौ चालीस लाख अंकों की किताबें है जो अधिकतर मेन स्टॅक्स अथवा अन्य विभागीय पुस्तकालयों मे मौजूद है जो मुख्य पुस्तकालय अथवा विश्वविद्यालय मे अन्य स्थानों मे स्थित है | पुस्तकालय मे वास्तविक और व्यातिगत रूप से घूमा जा सकता है | जो वस्तुओं का प्रसार कम होता है पर वो संग्रह के लिए ज़रूरी है उन्हे ओक स्ट्रीट पुस्तकालय मे रखा जाता है | अगर कोई वस्तु संग्रह मे उपलब्ध नही है उसे आई शेयर से प्राप्त किया जा सकता है जो इलिनाय की 76 पुस्तकालयों का एक संघ है | अगर फिर भी कुछ ना मिले तोह जिस भी किताब, आलेख और अनुसंधान पाठ्य की ज़रूरत हो उसे इंटर लाइब्रेरी लोन आंड डॉक्युमेंट डेलिवरी सर्विस के द्वारा मँगाया जा सकता है | इंटरनॅशनल एरिया आंड स्टडीस लाइब्ररी जानकारी की प्रधान जगह है जो विदेशी भाषा से संबंधित सभी वस्तुओं का संग्रह और सेवाओं का स्थान है | आइ .ए .एस के वाचनालय मे अफ़्रीकन, पूर्वी एशियन, दक्षिण एशियन, मिड्ल ईस्टर्न, लातिन अमेरिकन और स्लाविक भाषाओं से संबंधित सन्दर्भ संग्रह और पत्रिकाएँ उपलब्ध है वो भी सामाजिक विज्ञान, मानविकी और भाषा विज्ञान जैसे विषयों मे |

पुस्तकालय के बारे मे और जानकारी उसके यूज़र गाइड मे दी गयी है :
http://www.library.illinois.edu/using/

मेन स्टॅक्स का इस्तेमाल

मेन स्टॅक्स का प्रवेश मेन लाइब्ररी की दूसरी मंज़िल पे है | मेन स्टॅक्स मे प्रवेश के लिए डेस्क पर मौजूद परिचारक को अपना आई कार्ड दिखना पड़ता है | संग्रह की सुरक्षा के लिए मेन स्टॅक्स के अंदर खाने पीने की वस्तुएँ, या फिर किसी प्रकार का कोई बैग ले जाना मना है | या

फिर किसी प्रकार का कोई बैग ले जाना मना है | मेन स्टॅक्स से किसी वस्तु को प्राप्त करने के लिए स्टॅक्स मे प्रवेश करके किताब पे दिए गये कॉल नंबर से या तो खुद स्टॅक्स मे ढूँढा जा सकता है या फिर वहाँ पर काम करने या फिर वहाँ पर काम करने वाले किसी व्यक्ति से निवेदन किया जा सकता है ढूँढने के लिए | कॉल नंबर ढूँढने के लिए उसे कॅटलोग मे ढूँढा जा सकता है या फिर इन्फर्मेशन डेस्क(जो मैं लाइब्रेरी की दूसरी मंज़िल पर स्थित है) पर मौजूद लाइब्रेरियन से पूछा जा सकता है | मेन स्टॅक्स डाइरेक्टरी की मदद से किसी वस्तु को ढूँढा जा सकता है या फिर किसी लाइब्रेरियन से भी मदद ली जा सकती है | किसी किताब को हासिल करने के लिए उसका कॉल नंबर मेन स्टॅक्स के प्रवेश डेस्क पर मौजूद किसी परिचारक को बताना आवश्यक है | पुस्तकालय से एक बार मे 4 किताबें प्राप्त की जा सकती है | किताब के मिल जाने पर लाइब्रेरी आइ-डी नंबर के आखरी 3 अंको को बुलाया जाएगा जिसको सुन के किताब पहचानी और प्राप्त की जा सकती है | लाइब्रेरी आइ-डी नंबर के आखरी 3 अंको को बुलाया जाएगा जिसको सुन के किताब पहचानी और प्राप्त की जा सकती है |

लाइब्रेरी अकाउंट बनाना / कॅटलोग इस्तेमाल करना

आई कार्ड सारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के लिए एक ऑल इन वन कँपस कार्ड है जिससे पुस्तकालय की वस्तुओं का ऑनलाइन या पुस्तकालय जा के इस्तेमाल किया जा सकता है साथ ही अंडरग्रॅड लाइब्रेरी की प्रौद्योगिकीय सुविधाओं का भी लाभ उठाया जा सकता है | आई कार्ड की सहायता से लाइब्रेरी कॅटलोग के द्वारा लाइब्रेरी अकाउंट भी बनाया जा सकता है | लाइब्रेरी कॅटलोग की सहायता से विश्वविद्यालय के कैम्पस मे किताबें ढूंढी जा सकती है और लाइब्रेरी अकाउंट की सहायता से किसी भी किताब को कैम्पस के किसी भी पुस्तकालय मे माँगाया जा सकता है, उन्हे लौटाने की तिथि देखी जा सकती है, कौन सी किताबें हमने पुस्तकालय से ली वो देखा जा सकता है, और पुस्तकालय से ली गयी किताबों का नवीकरण किया जा सकता है | इन सब सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए लाइब्रेरी अकाउंट बनाना आवश्यक है | आई कार्ड मे लाइब्रेरी के आगे जो अंक होता है वो बॉरोवर आई डी होता है |

खास भाषा मे किताब ढूढ़ना

किसी खास विदेशी भाषा मे किताब ढूँढने के लिए लाइब्रेरी कॅटलोग मे विषय खोज मे उस ख़ास भाषा को विषय की तरह खोज सकते है | ढूँढने के लिए ड्रॉप डाउन मेनू मे जा के सब्जेक्ट टर्म चुन के विषय ढूँढ सकते है | अड्वॅन्स्ड सर्च स्क्रीन के द्वारा भी भाषा चुनी जा सकती है या फिरसर्च करने के बाद दाहिने तरफ आए परिणाम मे भाषा चुनकर किया जा सकता है | अगर किसी ख़ास भाषा मे कोई वस्तु ढूँढनी है तो लाइब्रेरियन से पूछने से हिचकिचाना नही चाहिए |

इंग्लीश एस सेकेंड लँग्वेज से संबंधित किताबें

इलिनाय यूनिवर्सिटी मे अँग्रेज़ी के अध्ययन और अनुसंधान के लिए कई सुविधाएँ है जो अँग्रेज़ी को दूसरी, विदेशी और अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप मे देखते है | यह सुविधाएँ ज़ादातर हेल्त, सोशियल साइन्सस और एजुकेशन लाइब्ररी और लिटरेचर और लँग्वेजस लाइब्ररी मे होती है | अँग्रेज़ी भाषा सीखने वालों के लिए पुस्तकालय मे गाइड है जिसमे काफ़ी संसाधन जैसे की ऑनलाइन कोर्सस और शब्दकोष है | अगर ई.एस.एल से जुड़े किसी संसाधन के बारे मे कोई सहायता चाहिए हो तो लाइब्रेरियन की मदद ली जा सकती है |

लाइब्रेरियन से सहायता पाना

इंटरनॅशनल आंड एरिया स्टडीस लाइब्ररी के लाइब्रेरियन व्यक्तिगत एवं सामूहिक संसाधन परामर्श के लिए उपलब्ध होते है | पुस्तकालय के खुले होने के समय पर अंदर आने वालों की सहायता की जाती है पर किसी विशेष सहायता के लिए लाइब्रेरियन से पहले ही बात करके मिलने का समय निश्चित करके जाना बेहतर होता है | अगर आप पुस्तकालय तक नही आ सकते तो लाइब्रेरियन से ऑनलाइन चैट की जा सकती है या फिर ऑनलाइन रेफरेन्स सर्विस का इस्तेमाल किया जा सकता है | मिलने का समय सुनिश्चित करने के लिए आई ए एस मेन सर्विस डेस्क या किसी विषय विशेशग्य से संपर्क करना चाहिए |

आई.ए.एस मेन सर्क्युलेशन डेस्क

(217) 333-1501 या internationalref@library.illinois.edu